बड़े मुनाफे छोटे-छोटे दांव से नहीं, सही समय पर बड़े दांव लगाने से बनते हैं। अगर भावनाएं कंट्रोल में नहीं रहीं, तो रिटर्न भी नहीं रहेंगे।

स्टेनली ड्रकेनमिलर अमरीकी हेज फंड मैनेजर

पत्रिका फाइनेंस

@ बिजनेस & वेल्थ

शेयर बाजार			सोना	चांदी	रुपया
सेंसेक्स	निफ्टी		स्टैंडर्ड (24K)	चांदी (999)	
77,844 (-114)	24,326 (-4.30)		₹1,56,000 (प्रति 10 ग्राम) (+1600)	₹2,61,000 (प्रति किग्रा) (+7200)	₹94.22 (प्रति 1 डॉलर) (+0.27)

आयात ठप बाजार में बढ़ा किल्लत का खतरा, शादी सीजन से पहले सोना-चांदी का संकट

कस्टम क्लीयरेंस में फंसी सोने की खेप, सीमित सप्लाई से बढ़ रहे दाम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. भारत में सोना और चांदी के आयात में पिछले पांच सप्ताह से जारी ठहराव अब बुलियन और ज्वैलरी कारोबार के लिए बड़ी चिंता बन गया है। इससे सप्लाई पर दबाव बढ़ रहा है और घरेलू कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। कारोबारियों का मानना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो बाजार में सोना-चांदी की किल्लत और गहरा सकती है।

व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत से ही आयातित खेप कस्टम प्रक्रिया में अटकी हुई हैं। आमतौर पर आयात में कुछ दिनों की देरी होती है, लेकिन इस बार पांच सप्ताह से अधिक समय हो गया है ओर स्थिति सामान्य नहीं हो रही है। साथ ही कस्टम अथॉरिटीज बैंकों से 3% के इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (आइजीएसटी) की मांग कर रही हैं, जिसे 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से कभी लागू नहीं किया गया था। इस अचानक आए टैक्स के झटके से भारत का 90% से ज्यादा गोल्ड इंपोर्ट संभालने वाले बैंकों ने शिपमेंट रोक दी हैं। इस वक्त करीब 8 टन सोना कस्टम क्लीयरेंस का इंतजार कर रहा है और यह स्टॉक वेयरहाउस में ही पड़ा है। इस सप्लाई की कमी की वजह से भारत में गोल्ड का प्रीमियम बढ़कर 20 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया है। यानी भारत में ग्लोबल बाजार से सोना महंगा है।



- अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर *सोना 2.33 प्रतिशत उछलकर 4,710 डॉलर प्रति औंस पर*
- कच्चे तेल और डॉलर में कमजोरी आने से *निवेशकों का रुझान फिर से बुलियन बाजार की ओर*
- 20 डॉलर प्रति औंस प्रीमियम पर भारत में बिक रहा सोना फिलहाल
- प्रीमियम बढ़ने से बुलियन बाजार में हड़कंप, सीमित सप्लाई से बढ़े दाम

प्रशासनिक अड़चनें बनीं बड़ी वजह

अप्रेल के पहले पखवाड़े में बैंकों को सोना-चांदी आयात की अनुमति नहीं मिल सकी, क्योंकि वाणिज्य मंत्रालय की ओर से अधिकृत बैंकों की सूची जारी करने में देरी हुई। 17 अप्रेल को सूची जारी होने के बाद भी कस्टम विभाग द्वारा आवश्यक क्लीयरेंस आदेश जारी नहीं किए गए। इसके साथ ही आईजीएसटी में छूट जारी रहेगी या नहीं, इस पर भी स्पष्टता नहीं होने से कारोबारी असमंजस में हैं।

अंतरराष्ट्रीय गिरावट का लाभ नहीं

अंतरराष्ट्रीय बाजार में फरवरी के अंत से सोने की कीमतों में लगभग 12 प्रतिशत तक गिरावट आई है, लेकिन भारतीय उपभोक्ताओं को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। आयात रुकने के कारण घरेलू कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों से अधिक प्रीमियम पर चल रही हैं। कारोबारियों के अनुसार यह प्रीमियम इस सप्ताह 20 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया।

उद्योग व उपभोक्ताओं पर असर

विशेषज्ञों का मानना है कि सोना आयात कम होने से चालू खाते के घाटे पर सकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि कच्चे तेल के बाद सोना भारत का दूसरा सबसे बड़ा आयातित उत्पाद है। लेकिन यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो ज्वेलरी उद्योग में उत्पादन लागत बढ़ सकती है, छोटे ज्वैलर्स की बिक्री प्रभावित हो सकती है और उपभोक्ताओं को महंगे दाम चुकाने पड़ सकते हैं।

मार्केट तेज रैली के बाद स्मॉलकैप-मिडकैप शेयरों को लेकर बाजार में बढ़ने लगी सतर्कता

मिडकैप इंडेक्स ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स गुरुवार को ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। पर पिछले महीने आई तेज रैली के बाद स्मॉलकैप-मिडकैप शेयरों को लेकर बाजार में सतर्कता बढ़ने लगी है। विशेषज्ञों ने कहा, ऊंचे वैल्यूएशन से यह सेगमेंट मामूली मैक्रोइकॉनॉमिक या कमजोर कॉर्पोरेट नतीजों के झटकों के प्रति संवेदनशील हो सकता है। अप्रेल से अब तक स्मॉलकैप करीब 20% चढ़ा, मिडकैप में 18% की तेजी आई है। हालांकि, यह रिकवरी सभी शेयरों में समान नहीं दिखी। मिडकैप में व्यापक भागीदारी व बेहतर आय समर्थन देखने को मिला, जबकि स्मॉलकैप की तेजी चुनिंदा सेक्टरों और कंपनियों तक सीमित रही। इससे वैल्यूएशन को लेकर आशंका बढ़ी है।



18% से ज्यादा तेजी आई निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में *सीजफायर की घोषणा से 2 अप्रेल से अब तक*

1.5% चढ़ा माइक्रोकैप इंडेक्स, स्मॉलकैप इंडेक्स में 1% *तो मिडकैप इंडेक्स में 1.10% की तेजी आई*

'शांति' पर दांव लगा रहे बाजार

भारत सहित दुनियाभर के बाजार इस समय अमरीका और ईरान के बीच युद्ध में शांति की उम्मीदों पर दांव लगा रहे हैं। जबकि होर्मुज में जमीनी हालात में इस हफ्ते कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है, पर बाजार की धारणा जरूर बदली है। अमरीका-ईरान समझौता होर्मुज को फिर से खोल सकता है, इस उम्मीद से दो दिन में कच्चे तेल की कीमतें 12% गिरकर 98 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। इससे जापान का निक्केई 6% चढ़कर अपने ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। हालांकि भारत में सेंसेक्स और निफ्टी 50 लाल निशान में रहे, पर ब्रॉडर इंडेक्स यानी मिडकैप-स्मॉलकैप में लगातार चौथे दिन तेजी आई।

इन वजहों से आइ तेजी

1 विश्लेषकों के मुताबिक, हालिया तेजी मुख्य रूप से ओवरसोल्ड स्तरों से रिकवरी के कारण आई। इसे मजबूत घरेलू लिक्विडिटी, मार्च तिमाही के चुनिंदा बेहतर नतीजों ***और भू-राजनीतिक चिंताओं में आई नरमी का समर्थन मिला।***

2 वैल्यूएशन फिर से ऊंचे स्तर पर पहुंचने के बाद अब विशेषज्ञों का मानना है कि आगे रिटर्न पूरे सेगमेंट में एक समान नहीं रहेगा, ***बल्कि अच्छे प्रदर्शन वाली चुनिंदा कंपनियों तक सीमित हो सकता है।***

नए निवेशकों पर 4 एएमसी का दबदबा

मुंबई. देश की चार म्यूचुअल फंड कंपनियों एचडीएफसी, निप्पॉन इंडिया, आइसीआइसीआइ प्रू. और टाटा ने वित्त वर्ष 2025-26 में म्यूचुअल फंड उद्योग में जोड़े गए कुल खातों में से आधे से ज्यादा हासिल किए। इससे पता चलता है कि खुदरा निवेशकों की अतिरिक्त रकम कुछ चुनिंदा फंडों और योजनाओं तक ही पहुंची। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार इन चार फंड कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 2.4 करोड़ नए खाते जोड़े, जो कुल जोड़े गए 4.68 करोड़ नए खातों का 51% है।

नई योजना एसेट एलोकेशन का झंझट नहीं

कामगारों के लिए एनपीएस संचय लॉन्च

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. देश के लगभग 90% वर्कफोर्स को रोजगार देने वाला असंगठित क्षेत्र अब तक औपचारिक पेंशन कवरेज से वंचित रहा है। ऐसे में असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों और गिग वर्कर्स के लिए पेंशन नियामक पीएफआरडीए ने एनपीएस के तहत एक नई योजना एनपीएस संचय की शुरुआत की है।

इस योजना को खासतौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जिन्हें निवेश विकल्प और एसेट एलोकेशन समझने में दिक्कत होती है। यह योजना ऑल सिटीजन मॉडल और मल्टी स्कीम फ्रेमवर्क के तहत आती है। एनपीएस में अक्सर लोग अपना पैसा इक्विटी या सरकारी बॉन्ड में लगाने को लेकर उलझन में रहते हैं। लेकिन एनपीएस संचय में यह चुनाव नहीं करना होगा। इसका इन्वेस्टमेंट ढांचा बिल्कुल सरकारी कर्मचारियों की पेंशन स्कीम की तरह रखा गया है।

कौन कर सकता है इसमें निवेश?

एनपीएस संचय योजना में 18 से 85 वर्ष तक का कोई भी भारतीय नागरिक पेंशन खाता खोल सकता है और निवेश शुरू कर सकता है। ग्राहक अपना फंड मैनेजर या निवेश का तरीका बदलना चाहें, तो इसकी पूरी आजादी होगी। मौजूदा सरकारी पेंशन योजनाओं जैसा ही होगा। अटल पेंशन योजना में जिस तरीके से निवेश होता है वैसे ही निवेश

जीसीसी एनआरआइ @पत्रिका इंफोग्राफिक्स

27% एनआरआइ निवेश के लिए भारत भेज रहे पैसा

प्रॉपर्टी से मोहभंग... *खाड़ी देशों के 73% एनआरआइ ने इक्विटी में बढ़ाया निवेश*

नई दिल्ली@पत्रिका. *खाड़ी देशों (जीसीसी) में रहने वाले भारतीय प्रवासियों (एनआरआइ) के निवेश के रुझान में बड़ा बदलाव आया है। इक्विरियस वेल्थ की रिपोर्ट के मुताबिक, अब एनआरआइ पारंपरिक रियल एस्टेट के बजाय भारतीय शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड को प्राथमिकता दे रहे हैं। 73% एनआरआइ भारतीय इक्विटी में निवेश बढ़ा रहे हैं, जबकि 40% लोग रियल एस्टेट से अपना पैसा निकाल रहे हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण निवेशक अब लिक्विडिटी वाले विकल्पों को चुन रहे हैं।*

28% एनआरआइ ने सेविंग बढ़ाई

इन एसेट्स में बढ़ाया-घटाया निवेश



(जीसीसी यानी खाड़ी देशों के एनआरआइ निवेशकों की संख्या)

कहां करेंगे नया निवेश

एसेट	निवेशकों की संख्या
भारतीय इक्विटी में	42%
फिक्स्ड इनकम-डेट	23%
वेट एंड वॉच मोड में	15%
इंटरनेशनल इक्विटी	11%
सोना	04%
रियल एस्टेट	02%
नकदी रखेंगे	02%

...इन कार्यों के लिए भारत भेजते हैं पैसा

वजह	हिस्सेदारी
निवेश के लिए	27%
परिवार को मदद	26%
रिटायरमेंट प्लानिंग	22%
सेविंग के लिए	18%
लोन चुकाने को	03%
अन्य कार्य के लिए	04%

42% एनआरआइ भारतीय शेयरों और ***म्यूचुअल फंड्स में निवेश और बढ़ाने की तैयारी में***

54% निवेश इक्विटीज में तो फिक्स्ड इनकम साधनों में 15% निवेश एनआरआइ का, ***27% निवेश अभी रियल एस्टेट में***

ग्रीन एनर्जी ₹100 करोड़ का निवेश...

भारतीय घरों को बिजली भी सप्लाई करेगा एपल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. आरब एपल अब भारत में सिर्फ आइफोन ही नहीं बनाएगी, बल्कि कंपनी की योजना भारतीय घरों को स्वच्छ उर्जा (बिजली) भी सप्लाई करने की है। एपल ने भारत के रिन्यूएबल एनर्जी इंफ्रा को मजबूत करने के लिए 100 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। इसके तहत 150 मेगावाट से ज्यादा सौर और पवन ऊर्जा विकसित की जाएगी। इस प्रोजेक्ट से हर साल 1.5 लाख भारतीय घरों की बिजली की जरूरतें पूरी हो सकेंगी। एपल यह निवेश रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी क्लीनमैक्स के साथ मिलकर कर रहा है। साथ ही छोटे बिजनेस को प्रमोट करने के लिए एपल ने एक्यूमेन के साथ हाथ मिलाया है। जिसके जरिए वेस्ट मैनेजमेंट और टिकाऊ खेती जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले 6 स्टार्टअप्स को पैसा, मेंटरशिप और तकनीकी मदद दी जाएगी। एपल का लक्ष्य साल 2030 तक अपनी पूरी सप्लाई चेन को कार्बन न्यूट्रल बनाने का है।

आशु सिंघल बने गेल के नए सीईओ

नई दिल्ली@पत्रिका. भारत सरकार के उपक्रम गेल गैस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पद आशु सिंघल ने संभाला है। इससे पूर्व सिंघल महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में 35 वर्षों के अनुभव के दौरान सिंघल ने देशव्यापी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन, पेट्रोकेमिकल, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन तथा एलएनजी से संबंधित बड़े परियोजनाओं के निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 26.05.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 25.05.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. कब्जा दिनांक बकाया राशि
निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना | फोन नं. 0755-2550020/9425013866		
श्रीमती मिनाक्षी पाराशर पत्नि श्री ऋषि पाराशर एवं श्री ऋषि पाराशर पुत्र श्री एल.पी. पाराशर संपत्ति का समस्त भू-भाग फ्लैट नं. बी-1, बेसमेंटप्लॉटनं. 419-बी (पुराना सीरियल नं. 420), ''शुभ अलीना'', कृष्णा करीम नगर, अर्थात के.के. नगर (सर्वधर्म गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्या.) (अब सर्वधर्म, सेक्टर-बी), खासरा नं. 27/1 का भाग, ग्राम-दामखेड़ा, पह नं. 39, कोलार रोड, भोपाल। क्षेत्रफल- 800 वर्ग फिटअथवा 74.34 वर्ग मीटर। सीमाएँ :- पूर्व: फ्लैट नं. बी-2, पश्चिम : अन्य भूमि,उत्तर : खुला व कलियासोत नदी, दक्षिण: लॉबी। संपत्ति मालिक :- श्री ऋषि पाराशर पुत्र श्री एल.पी. पाराशर एवं श्रीमती मिनाक्षी पाराशर पत्नि श्री ऋषि पाराशर। (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 11,65,000/- (₹) 1,16,500/-	09-01-2017 07-03-2019 ₹ 3102932.00 + दिनांक 01.01.2017 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स आपका स्टील इंडिया प्रा.लि. निदेशक 1.श्री रवि सिंह, 2. श्री दुगेश सरस्वत, 3. श्री अभिषेक राठी (भौतिक आधिपत्य) 1. बंधक संपत्ति लीज़ होल्ड इंडस्ट्रीयल प्लाटनं.64, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया बगरोदा, जिला-भोपाल (म.प्र.)-462026 पर निर्मित, क्षेत्रफल : 930 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व-प्लाटनं. 63, पश्चिम-प्लाटनं. 65, उत्तर-रोड, दक्षिण-प्लाटनं. 09 2. बैंक के वित्त से निर्मित संयंत्र और मशीनरी। संपत्ति मालिक : आपका स्टील इंड्या प्रा. लि. (नोट: संयुक्त रूप से बेची जाने वाली सभी संपत्ति और संयंत्र एवं मशीनरी तथा भूमि बकाया, पट्टा किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, क्रेता द्वारा वहन किया जाऐगा एवं जीएसटी क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा जो नीलामी मूल्य के अतिरिक्त है)) संपत्ति 1 एवं 2 संयूक्त रूप से बेची जावेंगी।	(₹) 34,78,000/- + (₹) 43,31,000/- कुल (₹)78,09,000/- (₹) 7,80,900/-	15-05-2024 05-08-2024 ₹ 15732091.79 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स द कान्हा कैसल द्वारा पार्टनर श्री प्रदीप सूरी, श्रीमती नीलू सूरी, श्री मुकेश सूरी ,मोनिका सूरी एवं श्रीमती प्रकाश सूरी (जमानतदार) होटल बिल्डिंग लीज़ होल्ड प्लाटनं. 223ए/1 व 223ए/2, जोन-1, एम.पी.नगर, मल्टी लेवल पार्किंग के पास, आमेर पैलेस होटल के पीछे, वार्ड नं. 43, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र) पर निर्मित, क्षेत्रफल 2247.45 वर्ग फिट, सीमाएँ : पूर्व-प्लाट नं. 222, पश्चिम- 223-ए का शेष भाग , उत्तर-30 फिट चौड़ी रोड, दक्षिण-60 फिट चौड़ी रोड (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 5,64,00,000/- (₹) 56,40,000/-	26-04-2022 23-04-2025 ₹ 77261673.88 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स वीबीडी स्ट्रक्चर प्रा.लि. 1. श्री मनोज सिंह सोमवंशी पुत्र श्री संत प्रसाद सोमवंशी 2. श्रीमती ज्योति सोमवंशी पत्नि श्री मनोज सिंह सोमवंशी(निदेशक वीबीडी स्ट्रक्चर प्रा.लि. एवं जमानतदार) 1. फ्लेट नं. एस-01, द्वितीय तल, बीबीसी काम्प्लेक्स, प्लाट नं. 20, जोन-2, एम.पी. नगर, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र) **क्षेत्रफल** 95.55 वर्ग मीटर। **सीमाऐं** : पूर्व-रोड, पश्चिम- फ्लैट नं. एस-02, उत्तर- प्लाटनं. 21, दक्षिण-प्लाट नं.19 । **संपत्ति मालिक** - श्री मनोज सिंह सोमवंशी पुत्र श्री संत प्रसाद सोमवंशी (भौतिक आधिपत्य) 2. फ्लैटनं. एस-02, द्वितीय तल, बीबीसी काम्प्लेक्स, प्लाट नं. 20, जोन-2, एम.पी. नगर, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र), **क्षेत्रफल** 108.92 वर्ग मीटर। **सीमाऐं** : पूर्व- फ्लैट नं. एस-01, पश्चिम- रोड, उत्तर- आम मार्ग एवं सीढ़ी, दक्षिण-प्लाट नं. 19। **संपत्ति मालिक** - श्रीमति ज्योती सोमवंशी पत्नी श्री मनोज सिंह सोमवंशी (भौतिक आधिपत्य) 3. फ्लैटनं. एफएस-01, प्रथम तल, बीबीसी काम्प्लेक्स, प्लाटनं. 20, जोन-2, एम.पी. नगर, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र) **क्षेत्रफल** 95.55 वर्ग मीटर। **सीमाऐं** : पूर्व-रोड, पश्चिम- फ्लैट नं. एफएस-02, उत्तर- प्लाट नं. 21, दक्षिण-प्लाट नं.19। **संपत्ति मालिक** - श्री मनोज सिंह सोमवंशी पुत्र श्री संत प्रसाद सोमवंशी (भौतिक आधिपत्य) 4. फ्लैटनं. एफएस-02, प्रथम तल, बीबीसी काम्प्लेक्स, प्लाटनं. 20, जोन-2, एम.पी. नगर, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र), **क्षेत्रफल** 108.92 वर्ग मीटर। **सीमाऐं** : पूर्व- फ्लैट नं. एफएस-01, पश्चिम- रोड, उत्तर- आम मार्ग एवं सीढ़ी, दक्षिण-प्लाट नं.19। **संपत्ति मालिक** - श्रीमति ज्योती सोमवंशी पत्नी श्री मनोज सिंह सोमवंशी (भौतिक आधिपत्य) 5. ऑफिस नं. -01, मेझानाइन तल, बीबीसी काम्प्लेक्स, प्लाटनं. 20, जोन-2, एम.पी. नगर, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र), **क्षेत्रफल** 130 वर्ग फीट। **सीमाऐं** : पूर्व-खूली भूमि, पश्चिम-विकेता की संपत्ति, उत्तर- विकेता की संपत्ति, दक्षिण-अन्य भूमि। **संपत्ति मालिक** - श्री मनोज सिंह सोमवंशी पुत्र श्री संत प्रसाद सोमवंशी एवं श्रीमति ज्योती सोमवंशी पत्नी श्री मनोज सिंह सोमवंशी (भौतिक आधिपत्य) 6. प्लाट नं. -20, मेझानाइन तल(1985 वर्ग फीट), भूतल खूला (70 वर्ग फीट),बीबीसी काम्प्लेक्स, जोन-2, एम.पी.नगर, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र) । **सीमाऐं मेझानाइन तल :** पूर्व-ऑफिस चेम्बर एवं रोड, पश्चिम-रोड , उत्तर- प्लाट नं. 21, दक्षिण-प्लाट नं. 19 । **सीमाएं भूतल :** पूर्व-शॉप नं. एच, पश्चिम-शॉप नं.डी, उत्तर-आम सीढ़ी, दक्षिण-शॉप नं. सी । **संपत्ति मालिक** - श्री मनोज सिंह सोमवंशी पुत्र श्री संत प्रसाद सोमवंशी (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 4,02,84,000/- (₹) 40,28,400/-	17-07-2020 21-12-2020 ₹ 15364479.66 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च मांग पत्र अनुसार **मेसर्स वीबीडी स्ट्रक्चर प्रा.लि.** की सभी संपत्ति संयुक्त रूप से बेची जावेंगी।
श्री मुकेश कुमार पाल पुत्र श्री जुम्मन सिंह एवं श्रीमती सरोज पाल बंधक सम्पत्ति रेहवासी फ्लैटनं. 607, ए ब्लाक, छत्वां तल , खासरा नं. 248/2 का भाग, ''आइकोन मेरेडीन'' ग्राम गेहूंखेड़ा, कोलार रोड, भोपाल, क्षेत्रफल 75.25 वर्ग मीटर। सीमाएँ :- पूर्व : फ्लैट नं. 608 ब्लाक ए, पश्चिम : फ्लैट नं. 606 ब्लाक ए, उत्तर :सीढ़ियां/लॉबी, दक्षिण : खुला . सम्पत्ति मालिक -श्री मुकेश कुमार। (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 17,50,000/- (₹) 1,75,000/-	14-09-2018 03-12-2018 ₹ 2260330.88 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स जैन इंटरप्राईसेस प्रो. श्री अमित जैन (सांकेतिक आधिपत्य) 1. बंधक संपत्ति डायवर्ट भूमि नं. 04 एवं 05, खासरा नं. 106-107/2/2, 106-107/3/1 एवं 106-107/3/25, ग्राम-पलासी, आर.एन. एम. 01, न्यू जेल रोड , करोंद, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल, सीमाएँ : पूर्व: खासरा नं. 109 / अलाय गार्डन की भूमि, पश्चिम:रोड, उत्तर: प्लॉट नं. 03, दक्षिण: प्लॉट नं. 04, संपत्ति मालिक : श्री अजित कुमार जैन	(₹) 1,05,00,000/- (₹) 10,50,000/-	04-11-2022 14-03-2023 ₹ 20471643.73 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. बंधक संपत्ति दुकान नं. जी.बी.ई. 141, नवीन मंडी प्रांगण करोंद, तहसील-हुजूर, भोपाल, क्षेत्रफल : 1000 वर्गफिट, सीमाएँ: पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉटनं. 183, उत्तर: रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. 142, संपत्ति मालिक: मेसर्स आदिनाथ ट्रेड़िग कं. प्रो. श्रीमती सुनीता जैन (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 20,25,000/- (₹) 2,02,500/-	
3. बंधक संपत्ति मकान नं. 36, सेक्टर-डी, सांई स्टील के पास, बंजारी कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल, क्षेत्रफल : 1500 वर्ग फिट, सीमाएँ: पूर्व: प्लॉटनं. 37, पश्चिम: प्लॉटनं. 35, उत्तर: रोड, दक्षिण: प्लॉटनं. डी-35(76), संपत्ति मालिक: राधा बाई बर्मन (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 44,80,000/- (₹)4,48,000/-	
मेसर्स मोबाइल केयर प्रा.लि. डायरेक्टर श्री राजेश सिंह ठाकुर बंधक संपत्ति शॉप नं.306-ए, द्वितीय तल, ज्योति शांपिग सेंटर,एम.पी.नगर, भोपाल, **क्षेत्रफल :** 725 वर्गफिट= 67.38 वर्गमीटर,**सीमाएँ :** - पूर्व : आम रास्ता , पश्चिम : खुला, उत्तर : ऑफिस नं. 305, दक्षिण : ऑफिस नं. 306। **संपत्ति मालिक :-** श्री राजेश सिंह ठाकुर। (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 47,58,000/- (₹) 4,75,800/-	01-10-2014 17-12-2014 ₹ 42030112.50 + दिनांक 01.10.2014 देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स श्रीमती साड़ी एम्पोरियम (भौतिक आधिपत्य) अ) व्यवसायिक सम्पत्ति का समस्त भू-भाग, दुकान नं. एलएफ-22, निचला तल = लोवर ग्राउंडफ्लोर, व्यवसायिक कॉम्प्लैक्स - ''मानसरोवर'' होशंगाबाद रोड़ ''र'' ब्लिो, वार्ड नं. 44/205, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल,म.प्र. स्थित, क्षेत्रफल : 450 वर्गफिट । **सीमाएँ :-** उत्तर : दुकान नं. एलएफ-23, दक्षिण : सीढ़ीयाँ, पूर्व : गलियारा, पश्चिम : डक्ट,सम्पत्ति : श्री मनीष लिलवानी पुत्र स्व. श्री नाथुलाल लिलवानी (नोट: नीलामी की राशि के अतिरिक्त, नीलामी खरीदार द्वारा ईपीएफओ का 5,25,218/- रुपये का बकाया यदि लागु होगा तो जमा किया जायेगा)	(₹) 45,23,000/- (₹) 4,52,300/-	29-10-2015 11-01-2016 ₹ 21292520.00 + दिनांक 01.10.2015 देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स सार्थक इंटरप्राईजेस (भौतिक आधिपत्य) 1. गैर कृषि भूमि, ग्राम-पिपलिया लोरका, तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन स्थित, क्षेत्रफल 1.00 एकड़, खसरा नं. 169/2/1 का भाग, सीमाएँ :- पूर्व: शासकीय रोड़, पश्चिम : श्री अनिल की भूमि, उत्तर : श्री अभिजीत सिंह की भूमि, दक्षिण : श्री सतीश अहेलिया की भूमि, सम्पत्ति मालिक : श्रीमति आशा जैन पत्नि श्री सोहनलाल कोठारी। । अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है	(₹) 65,28,000/- (₹) 6,52,800/-	28-07-2015 26-10-2015 (₹) 28376390.00 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. गैर कृषि भूमि, ग्राम-पिपलिया लोरका, तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन स्थित, क्षेत्रफल 1.00 एकड़, खसरा नं. 169/1/1 का भाग, सीमाएँ :- पूर्व: शासकीय रोड़, पश्चिम : श्री अनिल की भूमि, उत्तर : श्री नरेन्द्र प्रजापति की भूमि, दक्षिण : श्री अभिजीत सिंह की भूमि, सम्पत्ति मालिक : श्री सोहनलाल कोठारी। (भौतिक आधिपत्य) अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है	(₹) 67,05,000/- (₹) 6,70,500/-	
मेसर्स जयश्री कृष्णा राईस मिल प्रो. श्री अशोक यादव (भौतिक आधिपत्य) 1. भूमि एवं शेड, खसरा नं. 165/1/1/4, ग्राम खिल्लीखोड़ा, वार्डनं. 3, पह नं. 25/8, नगर पंचायत- अब्दुल्लागंज, आर.एन.एम.नं. 02, क्षेत्रफल 1.416 हेक्टेयर। सीमाऐं : पूर्व-रोड, पश्चिम-रोड, उत्तर-रोड, दक्षिण- मालिक की भूमी (1.5 एकड़)	(₹) 3,25,10,000/- (₹) 32,51,000/-	16-04-2018 10-08-2023 ₹ 114267617.20 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. भूमि खसरा नं. 165/1/1/3, ग्राम खिल्लीखोड़ा, वार्ड नं. 3, पह नं. 25/8, नगर पंचायत- अब्दुल्लागंज, आर.एन.एम.नं. 02, तहसील गौहर गंज, जिला-रायसेन , क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर। सीमाऐं : पूर्व-रोड, पश्चिम-रोड, उत्तर-मालिक की भूमी (3.50 एकड़), दक्षिण